## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22 मार्च 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में उद्यमी विकास योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में लिया हिस्सा। अयोध्या मंडल के ग्यारह सौ से अधिक उद्यमियों को बांटा सैंतालीस करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण।
- मुख्यमंत्री ने अयोध्या में बाटलिंग प्लांट का किया शुभारम्भ। लिटरेचर फेस्टिवल को भी किया संबोधित। विकास कार्यों और रामनवमी की तैयारियों की समीक्षा की।
- बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति की ओर से लखनऊ में आयोजित हुआ कार्यक्रम। केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के सचिव ने अधिक से अधिक किसानों को समिति से जोड़ने पर दिया जोर।
- डिजिटल एग्री मिशन के अन्तर्गत हर किसान को दिया जायेगा एक डिजिटल पहचान पत्र। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में दी जानकारी।
- केन्द्रीय कर्मचारी एक अप्रैल से कर सकेंगे नई एकीकृत पेंशन योजना के लिये आवेदन। पेंशन कोष नियामक ने जारी की अधिसूचना।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल अयोध्या दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने श्रीरामकथा पार्क में मुख्यमंत्री उद्यमी विकास योजना के तहत अयोध्या मंडल के एक हजार एक सौ से अधिक उद्यमियों को सैंतालिस करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण वितरित किया। उन्होंने युवा उद्यमियों के स्टार्टअप पर केन्द्रित प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वे सभी बैरियर हटाये गये हैं जो उत्तर प्रदेश के विकास में बाधक थे।

***उत्तर प्रदेश का युवा नौकरी प्राप्त कर रहा है। स्वतः रोजगार के साथ जुड़ रहा है। उत्तर प्रदेश में निवेश आ रहे हैं। विकास के बड़े बड़े कार्य रहे हैं और विकास और विरासत को जोड़ करके नये भारत का ये नया उत्तर प्रदेश अपने अन्नदाता किसानों के लिए अपनी मातृशक्ति के स्वावलंबन के लिए युवाओं के आर्थिक स्वावलंबन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।***

मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचकर दर्शन भी किया। इस दौरान उन्होंने श्रीराम मंदिर निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने राज सदन में आयोजित लिटरेचर फेस्टिवल कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने समाज निर्माण में साहित्य की उपयोगिता के बारे में चर्चा की।

***अच्छी लेखनी कालजयी लेखनी को पुनर्जीवित किए जाने की आवश्यकता है। डिजिटल मीडिया ने सोशल मीडिया ने अनेक बैरियर खड़े किये हैं। लेकिन इन बैरियर को पार करते हुए भी अगर हम कोई रास्ता फिर से बना सके और कोई कालजयी रचना के सृजन का मार्ग इस प्रकार के लिटरेचर फेस्टिवल के माध्यम से आगे बढ़ा सकेंगे तो निश्चित ही साहित्य के लिए भी समाज के लिए भी वह अत्यंत उपयोगी साबित होगा।***

अयोध्या दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने आयुक्त सभागार में अयोध्या के विकास के साथ–साथ रामनवमी की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अयोध्या में बॉटलिंग प्लांट का शुभारम्भ किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की इकसठवीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक में कल प्रतिभाग किया। इस मौके पर उन्होंने बैंक के शेयर होल्डर्स के खातों में पचहत्तर करोड़ तिरसठ लाख रुपये का डिविडेंड ट्रांसफर किया। साथ ही स्मार्ट बैंकिंग गाइड का विमोचन किया और जिला सहकारी बैंक के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सरकार बलरामपुर जिले में एक नया सहकारी बैंक शुरू करेगी।

***एक नया हम सहकारी बैंक बलरामपुर में प्रारंभ करेंगे। तो वह बलरामपुर के लिए नये जिला सहकारी बैंक की स्थापना की कार्रवाई के लिए सरकार इसमें आगे बढ़े और मुझे लगता है कि हम लोग इसको पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।***

उधर, केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ आशीष कुमार भूटानी ने कल लखनऊ में बख्शी का तालाब क्षेत्र में बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति के एक कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों द्वारा भंडारण की सुविधा बढ़ाई जानी चाहिए ताकि किसानों को दूर न जाना पड़े। श्री भूटानी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर सहकारी समिति से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके।

***तीन साढ़े तीन साल में मंत्रालय ने साठ से अधिक पहले ली है। चाहे वो पैक्स को लेकर हो चाहे चीनी मिलों को लेकर हो चाहे बैंकों को लेकर हो हर क्षेत्र में काम किया है कंप्यूटरीकरण कर रही है कंप्यूटराइजेशन एक तर्ज पर चल रहा है जिससे की सबको एक सीमलेसली एक सिस्टम में। जोड़ा जाए और पारदर्शिता आए और लोन लेने में सुविधा लोगों को हो और दूसरी तरफ जितने भी***

***हमारे और आपके जो संस्थान है सोसाइटीज है उनका डेटाबेस भी हमने बनाया है। देश में कहाँ कहाँ सोसाइटी आप देख सकते हैं खुद जाके ऑनलाइन किस गाँव में कितनी सोसाइटी है वो भी देख सकते हैं।***

श्री भूटानी ने बक्शी का तालाब क्षेत्र में स्थित परसहिया गांव में दुग्ध सहकारी समिति का निरीक्षण भी किया।

**********

प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के अवसर पर सभी जिलों में पचीस मार्च से सत्ताईस मार्च तक पर्यटन विभाग की ओर से प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही जिलों में कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कल बताया कि तीनों दिन विभाग की उपलब्धियों का व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पचीस मार्च को प्रदर्शनी पंडाल का निर्माण करते हुए जनपद के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान पर्यटन विभाग द्वारा तैयार की गई फिल्मों का प्रदर्शन भी होगा।

**********

डिजिटल एग्री मिशन के अंतर्गत देश के हर किसान को एक डिजिटल पहचान पत्र प्रदान किया जाएगा। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस के लिए के लिए कृषि मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा का उत्तर देते हुए कल यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस पहल से किसान विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। श्री चौहान ने कहा कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों का कल्याण सरकार की प्राथमिकता है।

**********

केन्द्रीय कर्मचारियों के लिये एक अप्रैल से नई एकीकृत पेंशन योजना शुरू हो जायेगी। मौजूदा और नये भर्ती होने वाले कर्मचारी इसके लिये आवेदन कर सकेंगे। पेंशन कोष नियामक ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया एक अप्रैल से शुरू हो जायेगी। यूपीएस चुनने के लिये दावा फार्म भरना होगा, जिसके जरिये केन्द्र सरकार के तेईस लाख से अधिक कर्मचारियों को एकीकृत पेंशन योजना यूपीएस और राष्ट्रीय पेंशन योजना एनपीएस के बीच चयन करने का विकल्प मिलेगा। एक बार विकल्प चुनने के बाद उसमें बदलाव नहीं किया जा सकेगा।

**********

मथुरा के वृन्दावन में गीता शोध संस्थान और रामलीला अकादमी की ओर से कल तीन दिवसीय भारत–नेपाल सांस्कृतिक महोत्सव की शुरूआत की गयी। महोत्सव के पहले दिन दोनों देशों के बीच साहित्य और संगीत के आदान–प्रदान को बढ़ाये जाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने कहा कि इस आयोजन से भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत को विस्तार मिलेगा।

**********

अयोध्या में रामनवमी के भव्य उत्सव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। रामनवमी का मुख्य पर्व छह अप्रैल को होगा। इस दिन श्रीराम मंदिर में विशेष अनुष्ठान होंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***रामनवमी पर रामलला का विशेष अभिषेक और श्रृंगार होगा। सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े दस तक श्रीरामलला का अभिषेक होगा, जबकि साढ़े 10 बजे से 11 बजकर 40 मिनट तक पट बंद रहेगा। इसके बाद 11 बजकर 45 मिनट तक श्रीरामलला का श्रृंगार होगा। इस दौरान मंदिर के पट खुले रहेंगे। फिर श्रीरामलला को भोग अर्पित किया जाएगा, जिसके दौरान पट बंद रहेंगे। दोपहर 12.00 बजे श्रीराम के प्राकट्योत्सव के साथ भव्य आरती और सूर्य तिलक होगा। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।***

**********

मऊ–शाहगंज खंड में नॉन इंटरलाकिंग कार्य के चलते रेलवे ने शाहगंज से चलने वाली बलिया शाहगंज पैसेंजर ट्रेन अट्ठाइस मार्च तक निरस्त कर दी है। वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने यह जानकारी दी।

**********